टेड-एक्स में जानी-मानी हस्तियों का जमावड़ा आज

■ विद्यार्थियों से अपना अनुभव करेंगे साझा, संभावनाओं को तलाशने का तरीका भी बतायेंगे

रांची. आइआइएम रांची का टेड-एक्स 10 मार्च को सीएमपीडीआइ सभागार में होगा. कार्यक्रम सुबह 9.30 बजे शुरू होगा. इसमें देश की जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी. इस बार टेड-एक्स की थीम है 'केलाइडोस्कोप ऑफ पॉसिबिलिटीज'. यह कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि संभावनाएं कभी खत्म नहीं होती. सपना ऊंचा देखना चाहिए. कभी-कभी ऐसा लगता है कि सारे विकल्प खत्म हो गये हैं.

इससे निराश हो कर हम लक्ष्य पाने की कोशिश छोड़ देते हैं. जबकि, कुछ क्रिएटिव व धैर्यवान लोग होते हैं जो संभावनाओं को तलाशने का तरीका बदल देते हैं. यही वजह है कि जीवन में कुछ बड़ा हासिल कर पाते हैं. टेड-एक्स के जरिये देश के कुछ ऐसी ही हस्तियां आ रही हैं.

ये हस्तियां होंगी शामिल

■ **अभिजीत नासकर:** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट सेलिंग ऑथर के रूप में प्रसिद्ध न्यूरो साइंटिस्ट अभिजीत नासकर भी आ रहे हैं. जो अपने अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा करेंगे. अभिजीत ने न्यूरो साइंस में उत्कृष्ट कार्य करते हुए पूरे विश्व में अपना लोहा मनवा दिया.

■ **कर्नल प्रबीर सेनगुप्ता:** कर्नल प्रबीर सेनगुप्ता जिन्होंने अपने जीवन के 25 वर्ष भारतीय सेना को दिया है. इन्होंने देश के पूर्व राष्ट्रपति स्व एपीजे अब्दुल कलाम के साथ काम किया है.

■ **फरहाद एसिडवाला:** पुणे में जन्मे फरहाद एसिडवाला 21 साल के हैं. इन्होंने 12 साल की उम्र में ही इंटरनेट बिजनेस शुरू कर दिया था. साल 2009 में इन्होंने रॉकस्था मीडिया कंपनी बनायी. यह कंपनी वेब डेवलपिंग में काम करती है. आज वह इस कंपनी के सीइओ हैं.

■ **हर्षिका सिंह:** हर्षिका सिंह वर्ष 2012 बैच की आइएएस अधिकारी हैं. इन्होंने यूपीएससी की परीक्षा में पूरे देश भर में 8वां रैंक हासिल कर अपने माता-पिता का नाम रोशन किया. हर्षिका ने संत जेवियर्स कॉलेज रांची से अर्थशास्त्र में ग्रेजुएट की पढ़ाई की है.

■ **पाखी टायरवाला:** पाखी का जन्म दिल्ली में हुआ. भाषा विज्ञान के व्याख्याता और पत्रकार के रूप में जन्मी पाखी ने सरदार पटेल विद्यालय से अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी की.

Prabhat Khabar, 10.03.2019, Pg. 01